दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 04 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश की गंगा, पुनपुन, गंडक और कोसी समेत दस नदियां उफान पर। निचले इलाकों में फैला पानी। बाढ़ की स्थिति गंभीर।

02. विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस की जांच के लिए गठित संसदीय समिति के अध्यक्ष सांसद संजय जायसवाल होंगे।

03. परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से इकतीस दिसम्बर तक ऑफलाइन निबंधन को ऑनलाइन कराने की अपील की। इसके बाद ऑफलाइन निबंधन हो जाएगा अमान्य।

04. और, पूरे प्रदेश में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

प्रदेश की गंगा, पुनपुन, गंडक और कोसी समेत दस नदियां उफान पर हैं। इससे कई जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है और निचले इलाकों में तेजी से बाढ़ का पानी फैल रहा है। कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पानी फैलने के कारण ग्रामीण इलाकों में आवागमन बाधित हुआ है। बाढ़ से घिरे लोग ऊंचे स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। नालंदा जिले के अस्थावां और पटना जिले के धनरूआ में तटबंध टूटने से सैकड़ों एकड़ में लगी फसल डूब गयी है। वहीं, बेगूसराय जिले में दो रिंग बांधों में रिसाव की खबर है। गंगा नदी पटना से भागलपुर तक खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गंगा नदी पटना के गांधी घाट में एक दशमलव छह–सात मीटर तथा हाथीदह में एक दशमलव तीन–दो मीटर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, पुनपुन श्रीपालपुर में दो दशमलव दो–नौ मीटर ऊपर बनी हुयी है। पटना में गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई मोहल्लों में बाढ़ का पानी फैल गया है। वहीं, जिला प्रशासन ने गंगा नदी में बने पटना सुरक्षा दीवार के सभी एक सौ आठ गेट बंद करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

भागलपुर में गंगा के जलस्तर में गुरुवार को भी वृद्धि जारी रही। जिले के राघोपुर में बारह घंटे में तीस सेंटीमीटर, इस्माईलपुर बिंद टोली में तेरह सेंटीमीटर और मदरौनी में छह सेंटीमीटर वृद्धि हुई है। वहीं, मुंगेर जिले में गंगा का जलस्तर खतरे के निशार को पार कर गया है। दूसरी तरफ, नालंदा जिले में सोईवा और लोकायन नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि से नदी किनारे बसे गांवों में चिंता बढ़ गयी है। बिंद प्रखंड की उतरथु पंचायत सरकार भवन के समीप सोईवा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण तटबंध में कटाव शुरू हो गया।

————————————————————

जहानाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के इंतजाम बढ़ा दिये गये हैं।

——साउंड बाइट——

जिले की नदियों, बैराज और पुल–पुलियों की स्थिति पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। जल संसाधन विभाग के अनुसार उदेरास्थान बैराज पर वर्तमान में जलस्तर में गिरावट की प्रवृत्ति बनी हुयी है। जिले के जाफरगंज, शकुराबाद और साईं मंदिर स्थित तीन लो–लेवल पुल–पुलियों के ऊपर से पानी का प्रवाह बना हुआ है। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तीनों स्थलों पर बैरिकेडिंग के साथ पुलिस बल और कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

वैशाली जिले में गंगा एवं गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन द्वारा लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है।

सारण से हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है।

——साउंड बाइट——

जिला प्रशासन के निर्देश पर सोनपुर, छपरा सदर, दिघवारा, रिविलगंज और गरखा के प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों का अधिकारियों ने निरीक्षण कर राहत–बचाव की तैयारियों का जायजा लिया। प्रभावित इलाकों में करीब 56 नावों का परिचालन किया जा रहा है, जबकि पॉलीथिन शीट, लाइफ जैकेट और अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की आठ मेडिकल टीमें बाढ़ प्रभावित गांवों में लगातार पहुंच रही हैं। प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी और जरूरत पड़ने पर त्वरित राहत एवं सुरक्षित निकासी के निर्देश दिए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सारण से पवन कुमार सिंह।

————————————————————

इधर, नदियों के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने पटना, नालंदा, भोजपुर, वैशाली, सारण, बेगूसराय, लखीसराय और जहानाबाद के जिलाधिकारियों को विशेष सतकर्ता बरतने के निर्देश दिये हैं। प्रशासन ने नदियों में स्नान, तैराकी, सेल्फी और नौकायान पर रोक लगा दी है। उपमुख्यमंत्री सह–जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने पटना के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ही तटबंधों का भी जायजा लिया। श्री चौधरी ने बताया कि झारखंड में हुई भारी बारिश के चलते पुनपुन और दरधा नदी के जलस्तर में अत्यधिक बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग के अभियंता स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

––साउंड बाइट––

वहीं, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया, बांका, भोजपुर और पटना जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश रिकॉर्ड की गयी। सबसे अधिक अंठानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश पूर्णिया के भवानीपुर में दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और सीवान जिले में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के कई हिस्सों में आंधी और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्र सरकार ने विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस की जांच के लिए इकतीस सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया है। लोकसभा सांसद संजय जायसवाल समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति विधेयक के प्रावधानों और प्रस्तावित संशोधनों पर विचार करेगी। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जा रहा है।

---म्यूजिक---

राजधानी पटना स्थित इस्कॉन मंदिर समेत विभिन्न कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। रात्रि बारह बजे मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा, प्रदेशभर में राधाकृष्ण मंदिरों में जन्मोत्सव को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। अनेक जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जन्माष्टमी के मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में पर्व–त्योहारों की लंबी श्रृंखला है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत और विविधता में एकता का प्रतीक है।

---म्यूजिक---

-----------------------------------

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। श्री नवीन पटना में आयोजित श्रीकृष्ण महोत्सव समेत अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

-----------------------------------

परिवहन विभाग ने कहा है कि इकतीस दिसम्बर के बाद वाहनों का ऑफलाइन निबंधन अमान्य हो जाएगा। इसी आलोक में विभाग ने ऐसे वाहन मालिकों से इससे पहले ऑनलाइन निबंधन कराने की अपील की है। राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ऑनलाइन वाहन रजिस्ट्रेशन के लिए जिला परिवहन कार्यालय में आवेदन करना होगा। वाहन मालिक निबंधन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और वाहन से जुड़े अन्य दस्तावेज के साथ ऑफलाइन सा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से दस्तावेजों के सत्यापन में पारदर्शिता बढ़ेगी और डिजिटल रिकॉर्ड रखने में आसानी होगी।

-----------------------------------

प्रदेश में मृत रैयतों की जमाबंदी को उनके उत्तराधिकारी के नाम स्थानांतरित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी राजस्व कर्मचारियों को मृत रैयतों की जमाबंदी को उनके उत्तराधिकारियों के नाम पर दर्ज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पटना में विभागी समीक्षा बैठक में

कहा कि सभी राजस्व कर्मचारी अपने–अपने हल्का में हर महीने कम से कम पांच मृत जमाबंदी का निष्पादन करें। श्री सिंह ने कहा कि राजस्व अभिलेखों को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

———————————————————————

भारत–नेपाल अंतराष्ट्रीय रेल नेटवर्क पर यात्रियों की निगरानी और जांच के लिए जयनगर रेलवे स्टेशन पर इमिग्रेशन पोस्ट बनाया जाएगा। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की अध्यक्षता में रेलवे की राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इमिग्रेशन पोस्ट का निर्माण इंटेलिजेंस ब्यूरो–आईबी के नेतृत्व में होगा। नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्र सरकार ने इमिग्रेशन पोस्ट के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है।

———————————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि पंचायत प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण प्रारूप को और अधिक सरल तथा प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने पटना में विभागीय बैठक में कहा कि प्रशिक्षण प्रारूप में नई गतिविधियों को शामिल करने, ग्राफिक्स के माध्यम से विकास योजनाओं को समझाने की प्रक्रिया और प्रशिक्षण को अधिक उपयोगी बनाने के उपाए किये जायेंगे। श्री प्रकाश ने कहा कि पंचायतों की विकास योजनाओं की डिजिटल निगरानी की व्यवस्था विकसित की जा रही है।

———————————————————————

नशा मुक्त भारत अभियान की छठी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस माह राष्ट्रीय नशा मुक्ति प्रतिज्ञा का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में संयुक्त सचिव डॉ. संदीप रेवजी राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रव्यापी प्रतिज्ञा में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की व्यापक रणनीति पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। यह अभियान नशाखोरी के पीड़ितों तक पहुंचने के लिए स्वयंसेवा करने की एक पहल है।

———————————————————————

सहरसा जिले की पॉक्सो अदालत ने एक बच्ची से दुष्कर्म के मामले में राज कुमार शर्मा को दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने सत्तर हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बाढ़ की खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – बिहार में दस नदियों की बाढ़ से बिगड़े हालात।

दैनिक जागरण सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के हवाले से लिखता है – बीसीआई के पास कानून के छात्रों का आचरण नियंत्रित करने का अधिकार नहीं।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – बक्सर में नाबालिग छात्राओं से दुष्कर्म, दो शिक्षक निलंबित, तीन होटलों में छापेमारी– हेडमास्टर गिरफ्तार।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है – कर्मभूमि में आगे बढ़ें, जन्मभूमि का विकास करें।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं – महिलाओं के लिए रोजगार सृजन से परिवार होगा मजबूत।

आज अखबार लिखता है – पटना, गया और भागलपुर समेत कई शहरों में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश की गंगा, पुनपुन, गंडक और कोसी समेत दस नदियां उफान पर। निचले इलाकों में फैला पानी। बाढ़ की स्थिति गंभीर।

02. विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस की जांच के लिए गठित संसदीय समिति के अध्यक्ष सांसद संजय जायसवाल होंगे।

03. परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से इकतीस दिसम्बर तक ऑफलाइन निबंधन को ऑनलाइन कराने की अपील की। इसके बाद ऑफलाइन निबंधन हो जाएगा अमान्य।

04. और, पूरे प्रदेश में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।